# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**सूचना पत्र क्रमांक 02/02/2025 दिनांक 11.11.2025**

**खाद्य सुरक्षा अधिकारी (Food safety officer) के पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन 2025**

**परीक्षा के आयोजन विषयक सूचना**

01 **मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत निम्नानुसार पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन आयोग की वेबसाइट पर जारी किए गए हैं :-**

| विज्ञापन क्रमांक एवं दिनांक | विज्ञापन / पद का नाम |
|---|---|
| 04/2025/ 23.06.2025 | खाद्य सुरक्षा अधिकारी (Food safety officer) के पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन 2025 |

02 उपरोक्त विज्ञापन हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट https://mppsc.mp.gov.in पर जारी किया गया है । आयोग की वेबसाइट https://mppsc.mp.gov.in पर जारी पाठ्यक्रमानुसार परीक्षा एक सत्र में ऑफलाइन पद्धति से (OMR Sheet आधारित) निम्नानुसार आयोजित की जाएगी -

| प्रश्न-पत्र | परीक्षा तिथि | समय | संभागीय मुख्यालय |
|---|---|---|---|
| खण्ड 'अ' (सामान्य अध्ययन) | 14.12.2025 (रविवार) | दोपहर 12:00 PM से 03:00 PM | इन्दौर, भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर |
| खण्ड 'ब' (खाद्य विज्ञान एवं तकनीकी) | | | |
| उपरोक्त परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 03.12.2025 से आयोग की वेबसाइट mppsc.mp.gov.in तथा www.mponline.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे। | | | |

03 परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु अनुमत एवं वर्जित वस्तुएं :-

<u>अनुमत वस्तुएं :-</u> परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों को अपने साथ केवल ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र, पेन, स्वयं का फोटोग्राफ (यदि आवश्यक हो), पानी की पारदर्शी बॉटल एवं अन्य कोई सामग्री जो ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट है, लाने की अनुमति होगी।

<u>वर्जित वस्तुएं :-</u> अनुमत वस्तुओं के अतिरिक्त अन्य कोई भी वस्तु परीक्षा केन्द्र में लाने की अनुमति नहीं होगी। आयोग द्वारा वर्जित वस्तुएं जैसे- पेंसिल, रबर (इरेजर), व्हाइटनर, शॉर्पनर, ब्लेड, स्केल, बैग्स, मोबाइल फोन, पेनड्राइव, कैल्कुलेटर, पठन सामग्री, चाबी व एसेसरीज़ जैसे- बालों को बांधने वाले क्लचर / बक्कल, हाथ के बैंड / हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक बैंड / चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बैल्ट, डिजिटल घड़ी, स्मार्ट घड़ी, एनालॉग घड़ी, कफलिंक, धूप का चश्मा, पर्स / वॉलेट, टोपी, ब्लूटूथ, हैंडफी, आई. टी. गैजेट्स, कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या अन्य कोई ऐसे उपकरण जो संचार उपकरण के रूप में उपयोग किए जाते हैं, लाइटर्स / माचिस बॉक्स, किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र तथा अन्य कोई कीमती सामान परीक्षा केन्द्र में लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों का परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा।"

04 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**उप सचिव**